840
28-02-19

PUD-1

# :: कार्यालय कलेक्टर जिला–खण्डवा ::

क्रमांक / /वाचक.कले./2019

प्रति,

खण्डवा दिनांक /02/2019

1— अनु–विभागीय अधिकारी, (राजस्व)
पुनासा

विषयः— तहसील न्यायालय पुनासा में पदस्थ न्यायिक अधिकारीगण एवं भविष्य में पदस्थ होने वाले न्यायिक अधिकारीगण के लिये नवीन भूमि आबंटित करने बावत्।

—0—

विषयान्तर्गत जिला एवं सत्र न्यायाधीश, खण्डवा ने पत्र प्रेषित कर यह प्रतिवेदित किया है कि पूर्व में शासकीय भूमि खसरा नं. 183 रकबा 5.67 हेक्टेयर में से 0.350 हेक्टेयर भूमि तहसील न्यायालय पुनासा के न्यायिक अधिकारीगण के आवासगृह के निर्माण हेतु चाही गयी थी। न्यायिक अधिकारीगण के आवास हेतु उक्त भूमि पर्याप्त नहीं है। तहसील न्यायालय पुनासा में पदस्थ न्यायिक अधिकारीगण एवं भविष्य में पदस्थ होने वाले न्यायिक अधिकारीगण की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए पृथक से विवाद रहित पर्याप्त भूमि आवंटित की जाए।

2— अतः तद्नुसार ग्राम पुनासा तहसील पुनासा में तहसील न्यायालय पुनासा में पदस्थ न्यायिक अधिकारीगण एवं भविष्य में पदस्थ होने वाले न्यायिक अधिकारीगण की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए पृथक से विवाद रहित पर्याप्त भूमि चिन्हांकित कर, चिन्हांकित भूमि से माननीय न्यायालय को अवगत कराने के पश्चात भूमि आवंटन के प्रस्ताव/प्रकरण यथाशीघ्र इस कार्यालय को भिजवाना सुनिश्चित करें। माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, खण्डवा से प्राप्त पत्र की छायाप्रति पत्र के साथ संलग्न प्रेषित है।

संलग्नः— उपरोक्तानुसार

(विशेष गढपाले)
कलेक्टर
जिला खण्डवा

क्रमांक/3632/वाचक.कले./2019 खण्डवा दिनांक /02/2019

प्रतिलिपिः—

1— माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिला खण्डवा की ओर उनके पत्र क्रमांक 70/चार –01–01/17 दिनांक 13.02.2019 के संदर्भ में सूचनार्थ प्रेषित।

कलेक्टर
जिला खण्डवा

A

28-02-19

कार्या. जिला एवं सत्र न्यायाधीश
खण्डवा (म.प्र.)